तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025



13 पीएम मोदी ने विश्व शांति के लिए किया महामंत्र...





14 सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण...














# माता कर्मा के आदर्शों को अपनाएं: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

- पवन ग्राम लोहझर में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ आयोजन






साहू समाज की आराध्य देवी भक्ति मां कर्मा की जयंती एवं वार्षिक अधिवेशन का आयोजन ब्रह्मलीन संत सिया भुनेश्वरी शरण व्यास के जन्मस्थली पवन ग्राम लोहझर में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद लोकसभा शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भुवनेश्वर साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मिलेश्वरी साहू उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जिला साहू संघ गरियाबंद अवधराम साहू अध्यक्ष तहसील साहू छुरा बंसीलाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ गरियाबंद लेखराज ध्रुवा सभापति कृषि विभाग जिला पंचायत गरियाबंद मानसिंह निषाद विधायक प्रतिनिधि भारती साहू उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ राजिम पुष्पा साहू उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ गरियाबंद योगिता साहू उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ तह साहू संघ छुरा महेंद्र साहू अध्यक्ष मढ़ेली परिक्षेत्र वीरेंद्र साहू अध्यक्ष पांडूका परिक्षेत्र रूपसिंग साहू अध्यक्ष सोरिद परिक्षेत्र युवराज साहू जनपद सदस्य छुरा दुलारी बाई साहू जनपद सदस्य छुरा भेषमती साहू जनपद सदस्य छुरा यशवंत ठाकुर सरपंच लोहझर वेदराम


⏭ शेष पेज 12 पर










प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

**खबर संक्षेप**

## डा. दिलीप साहू बने सहकारिता उद्योग विभाग के सभापति



**फिंगेश्वर।** जनपद पंचायत फिंगेश्वर क्षेत्र क्रमांक 2 के जनपद सदस्य डॉ दिलीप साहू का सहकारिता एवं उद्योग विभाग का सभापति निर्वाचित होने पर समाज प्रमुखों एवं क्षेत्र सरपंचों द्वारा हर्श व्यक्त करते हुए बधाई दी है। डॉ दिलीप साहू ने प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि जनता एंवं ईश्वर की कृपा से इस क्षेत्र में दूसरी बार प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। पिछले कार्यकाल में मेरी पत्नी अर्चना साहू ने जनपद सभापति के रूप में 5 साल प्रतिनिधित्व की हैं। उनको भी सहकारिता में उद्योग विभाग में काम करने का सुअवसर प्राप्त हुआ था। मेरे क्षेत्र के देवतुल्य मतदाताओं द्वारा दोबारा जीत दिलाकर जो इतिहास रचा गया है वह अमिट है। मै जीवन भर क्षेत्र के जनता का आभारी रहूंगा।

**इन्होंने दी बधाई :** बधाई देने वालों मे भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ,लाला राम साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन माता समिति,ईश्वरी कुमार साहू,कार्यकारी अध्यक्ष,लोकनाथ साहू (त्रिलोक टेलर्स),नूतन लाल साहू उपाध्यक्ष, खोमन लाल,सोहन साहू महामंत्री भोले साहू,गोपाल साहू,ललित साहू,सरपंच पसौद,पुरुषोत्तम तिवारी,त्रिवेणी गजेंद्र साहू सरपंच पाली,नंदनी मिथलेश साहू संपंच पेंड्रा,कोमन धुरव सरपंच सिर्रीकला,लोमश साहू,दीपक राज पेंटर, योगेंद्र, सुकलाल,प्रहलाद साहू,दिनेश साहू,ज्ञान साहू,सुरेंद्र साहू,गोबिंद पटेल,सुशील पटेल,धनेश साहू आदि शामिल है।

## रामजन्मोत्सव पर भक्तों ने बांटी खीर



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा के बस स्टैंड में भगवान श्री राम चन्द्र जी के जन्म उत्सव दिवस के अवसर पर रामभक्तों द्वारा खीर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री राम चन्द्र जी के सनातनी ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर रवि साहू, प्रकाश सिन्हा, किशोर (लाकेश) साहू,पुनारद यदू,चुमेश सेन का सहयोग रहा।

## विष्णुदेव सरकार की संवेदनशीलता का परिचय है सुशासन तिहार: योगेश

**मैनपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की जनता की चिंता करते हुए



सुशासन तिहार मनाने का फैसला लिया है। यह जनता के प्रति उनकी जवाबदेही और संवेदनशीलता का परिचय है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त बातें कहते हुए बताया कि जनता अपने छोटे छोटे कामों को लेकर विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाते रहते हैं। लंबे समय तक काम नहीं हो पाता है, जिससे लोगों को आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। भाजपा जब जब सत्ता में आती है क्षेत्र की समस्याओं और विकास के प्रति प्रतिबद्ध होकर कार्य करती है। इसके पहले भी भाजपा जब सरकार में थी ग्राम सुराज, तुंहर सरकार तुंहर द्वार जैसे अनेक योजनाओं के माध्यम से जनता के समस्याओं को दूर करने के लिए अपने सारे जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में झोंकता है ताकि समय रहते निराकरण किया जा सके।

**तीन चरणों में होगा आयोजन**
श्री शर्मा ने बताया कि सुशासन तिहार तीन चरणों में होगा, जिसमें प्रथम चरण के अंतर्गत 8 अप्रेल से 11 अप्रेल तक शिकायत और मांगो को लेकर आवेदन देने की प्रक्रिया होगी। आवेदक पंचायत, कलेक्ट्रेट जनपद और तहसील कार्यालय में जाकर लगाए गए समाधान पेटी के माध्यम से तथा पोर्टल पर जाकर भी आवेदन कर सकते हैं।

# सुशासन तिहार को लेकर मैनपुर आदिवासी वनांचल क्षेत्र में उत्साह

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार के महत्वपूर्ण सुशासन तिहार 2025 की शुरूआत 8 अप्रैल से प्रारंभ हो गयी है 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय नगरीय निकाय हाट बाजार विकासखंड और जिला मुख्यालय तक समाधान पेटी स्थापित की गई है ग्रामीण क्षेत्रे के पंचायतों मे बड़ी संख्या मे लोग मांग, शिकायत लेकर ग्राम पंचायतों मे पहुंच रहे है और समस्या समाधान पेटी मे मांग पत्र डाल रहे है।

मैनपुर विकासखंड मुख्यालय एवं जनपद पंचायत कार्यालय के साथ साथ ग्राम पंचायत जाड़ापदर, जिड़ार, हरदीभाठा, भाठीगढ़, छोटे गोबरा, दबनई, गोपालपुर, बोईरगांव, शोभा, गोना, गौरगांव, कोकड़ी, कुचेंगा, गरहाडीह, तौरेंगा इंदागांव, जांगड़ा सहित कई ग्राम पंचायतो में भारी संख्या मे लोगो की भीड़ ग्राम पंचायतो मे दिखाई दे रही है जहां लोग मांग के साथ अपनी समस्या और शिकायत का आवेदन दे रहे है। वहीं दूसरी ओर सुशासन तिहार को आम लोगो तक पहुंचाने मे गांव के कोटवारो द्वारा लगातार मुनादी के माध्यम से जानकारी दी जा रही है कोटवारो ने यह सुनिश्चित किया है कि हर व्यक्ति तक यह संदेश पहुंचे। इसके साथ ही वो चौक चौराहो हाट बाजार ग्राम पंचायत उचित मुल्य की दुकानों, होटल, पान दुकान, किराना दुकान सहित प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर सुशासन तिहार की जानकारी दे रहे हैं। कोटवारों द्वारा समाधान पेटी में आवेदन करने एवं जरूरतमंद लोगो की मदद करने हेल्पलाईन नंबर भी पड़कर सुनाया जा रहा है ताकि आम नागरिक इस कार्यक्रम मे बढ़चढ़कर भागीदारी कर सके और अपनी समस्याओ का समाधान पा सके इस पहल के तहत प्रशासन ने आम नागरिको से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी समस्याएं एवं मांगे समाधान पेटी मे डालकर शासन प्रशासन से उम्मीद रखे।

**समस्या व मांगो को लेकर ग्रामीण पहुंच रहे है पंचायत**



### सुशासन तिहार को लेकर लोगों में भारी उत्साह

मैनपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा ने बताया कि मैनपुर विकासखंड के सभी 74 ग्राम पंचायतो में समस्या समाधान पेटी लगायी गई है साथ ही जनपद पंचायत मे समाधान पेटी लगा है और लोग मांग और शिकायत लेकर पहुंच रहे है उन्होने बताया लोगो मे सुशासन तिहार को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### मैनपुर ब्लॉक में सबसे ज्यादा करोड़ों की मजदूरी भुगतान

# मनरेगा से संवरने लगी मैनपुर ब्लॉक के ग्रामों की तकदीर और तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्रामो में मनरेगा योजना वरदान साबित हुआ है, मनरेगा योजना के तहत जंहा लाखो मजदूरों को रोजगार देकर पलायन की स्थिति को रोकने में काफी हद तक कारगार साबित हुआ है। वही दुसरी ओर ग्रामो के मूलभूत समस्याओं के समाधान और जरूरतों की पुर्ती के लिए मनरेगा योजना कारगार साबित हो रही है, मैनपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्रामो में मनरेगा योजना के तहत जंहा एक ओर सी.सी रोड का निर्माण किया जा रहा है तो वही दुसरी ओर सीधे ग्रामीण हितग्राहियों को बकरी पालन सेड, पशु सेड, आंगनबाडी भवन, उचित मुल्य राशन दुकान, मुक्तिधाम, नाली निर्माण एंव कचरा एकत्र करने के लिए सेड निर्माण बजार सेड निर्माण, नया तालाब, तालाब गहरीकरण, पुल निर्माण, किचन, भूमिसुधार कार्य जैसे बुनियादी सुविधाए भी उपलब्ध कराई जा रही है।

■ गांव-गांव में तालाब, डबरी, भूमिसुधार पशु सेड, रपटा का हुआ निर्माण




मनरेगा योजना अन्तर्गत रोज़गार दिलाने में मैनपुर अव्वल रहा है महिलाओं को रोज़गार के साथ साथ गर्भवती महिलाओं को मातृत्व भत्ता एवं दिव्यांग जनो को रोजगार उपलब्ध भी कराया जा रहा है मैनपुर जहाँ ग्रामीण अंचल में रोज़गार के लिए उद्योग और अन्य साधन नहीं के बराबर है ग्रामीण आजीविका और अर्थ–व्यवस्था के लिए केवल कृषि और वनोंपज पर निर्भर है ,महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोज़गार गारंटी योजना रोज़गार का मुख्य सहारा बनी हुई है , जनपद पंचायत मैनपुर अन्तर्गत 74 पंचायतों में जॉब कार्ड धारियों को मार्च 2025 की स्थिति मे अबतक 24 हजार 618 परिवार के 49 हजार 134 श्रमिको को 13 लाख 17 हजार 484 मानव दिवस कार्य उपलब्ध कराया गया है जिसका कुल राशि भुगतान 46 करोड़ 80 लाख रूपये किया गया है और मैनपुर विकासखंड क्षेत्र मे 3572 पंजीकृत को 100 दिन से उपर रोजगार उपलब्ध कराया गया है रोज़गार उपलब्ध कराने के साथ साथ मनरेगा ग्रामीण अंचलों में अधोसरंचना संसाधन उपलब्ध कराने में भी सफल रहा है अंचल में योजना अंतर्गत उचित मूल्य कि दुकान, आंगनवाड़ी भवन, किचन शेड , नाली , यातायात सुविधा हेतु मिट्टी सड़क, स्कूल आंगनबाड़ी, शौचालय , वृक्षारोपण बकरी शेड , पशु शेड , शुवर शेड आदि कार्य कराए जा रहे है । 31 मार्च 2025 की स्थिति में एक आंगनबाड़ी भवन पूर्ण, 02 तालाब गहरीकरण, 12 नया तालाब, 3 पुल, 19 पशुसेड एवं 1 किचन सेड स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मिडियम स्कूल मे निर्माण कराया गया है तो वहीं 287 भूमि सुधार कार्य, मुक्तिधाम के अलावा पेवर ब्लॉक का भी कार्य किया गया है और 22 आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य जारी है।

मनरेगा परियोजना अधिकारी कपिल नायक ने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत भूमि सुधार कार्य, आंगनबाड़ी, नया तालाब, मुक्तिधाम, पुल निर्माण पशुसेड निर्माण, किचन सेड निर्माण करवाया गया है वहीं अन्य निर्माण कार्य जारी है ज्यादा से ज्यादा लोगो को रोजगार उपलब्ध कराने कार्य किया जा रहा है उन्होने बताया मैनपुर विकासखंड क्षेत्र मे 24 हजार 618 परिवार के 49 हजार 134 श्रमिको को 13 लाख 17 हजार 484 मानव दिवस कार्य उपलब्ध कराया गया है जिनका भुगतान 46 करोड़ 80 लाख रूपये के आसपास किया गया है।

## सुशासन तिहार जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता ने आज गरियाबंद जिला प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट परिसर से सुशासन तिहार 2025 के जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल की मौजूदगी में प्रचार रथ को रवाना करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के दौरान यह जागरूकता रथ जिले के गांवों एवं नगरीय निकायों में जाकर लोगों को सुशासन तिहार के तहत अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन देने के लिए प्रेरित करेगा।

■ व्यापक अभियान के तहत सभी पंचायतों एवं नगरीय निकायों में लिए जा रहे आवेदन

प्रभारी सचिव श्री गुप्ता एवं कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस दौरान आवेदन लिखने में सहयोग करने वाले स्वयं सेवकों से भी मुलाकात की। साथ ही नागरिकगणों को आवेदन प्रस्तुत करने में आवश्यक सहयोग करने प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत पंचायतों एवं नगर मुख्यालय में समाधान पेटी स्थापित किया गया है। इसमें नागरिकगण अपने आवेदन को डाल सकते है। 11 अप्रैल तक आवेदन लेने का महाअभियान जारी है। इसके पश्चात दूसरे चरण अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का विभागों द्वारा निराकरण किया जायेगा। प्रभारी सचिव श्री गुप्ता ने बताया कि लोगों के समस्याओं एवं मांगों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तीसरे चरण में क्लस्टर स्तर पर समाधान शिविरों का भी आयोजन किया जायेगा। इसमें लोगों के समस्याओं का निदान कर उन्हें लाभान्वित किया जायेगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत सहित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन लेने का सिलसिला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रसेला में सुशासन तिहार के अंतर्गत 8 अप्रैल से लोगों द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है। क्षेत्र के हर पंचायतों में ग्रामीण बेहिचक आवेदन दे रहे हैं। लोगों को भरोसा है कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित पहल की जाएगी। सुशासन तिहार के पहले चरण में आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन लिए जा रहे हैं।

प्रभारी अधिकारी प्रधान पाठक बालचंद नेताम ने बताया कि लोग अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर पंचायत में लगी समाधान पेटी में जमा कर रहे हैं। जनमानस की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भरने के लिए रोजगार गारंटी मेट का ड्यूटी लगाया गया था, मगर वहां दो दिन तक भी पंचायत में नहीं पहुंचे। आवेदन भरने का काम पंचायत भृत्य कर रहे हैं। ताकि लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि 8 अप्रैल को



3 और 9 अप्रैल को 13 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 15 आवेदन मांगे और 1 शिकायत की प्राप्त हुआ है। सुशासन तिहार के अंतर्गत आनलाइन आवेदन पोर्टल एवं कामन सर्विस सेंटर के जरिए भी आवेदन प्राप्त किए जाने की व्यवस्था है। सुशासन तिहार में अपनी समस्याओं संबंधित आवेदन देने के लिए गांवों में कोटवार द्वारा मुनादी करवाया गया है।

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी:** कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सुशासन तिहार के दौरान किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दूसरे चरण में एक महीने के भीतर इन आवेदनों का निराकरण करने के लिए 8 से 10 ग्राम पंचायतों के मध्य से 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित होंगे।

## परसदा में आज से शुरू होगी तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानसगान प्रतियोगिता

**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर से लगे ग्राम परसदा में आज 10 अप्रेल से तीन दिवसीय श्रीरामचरित मानसगान प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक इंद्रकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज करेंगे।

यह जानकारी देते हुए सरपंच रमेश वर्मा ने बताया कि श्रीरामचरित मानसगान प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बाजार चौक में सीसी रोड का भूमिपूजन भी होगा। बताया कि इन दोनो कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष चंद्रिका-जितेंद्र बंजारे, जिला पंचायत सदस्य द्वय चंद्रकला ध्रुव, अन्नु तारक, जनपद सदस्य चित्ररेखा-दीपक तारक, सरपंच रमेश वर्मा, उपसरपंच तारणी साहू मौजूद रहेंगे। बताया कि श्रीरामचरितमानस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत परसदा श्रीरामकृष्ण मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से हो रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, बलोदाबाजार, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, कांकेर जिले के ख्यातिनाम मानस मंडलियां अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे।

■ प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ में विधायक इंद्रकुमार साहू करेंगे शिरकत

समारोह में गांव के मातृशक्तियां एवं श्रीरामचरितमानस प्रेमी श्रद्धालुजन तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसकी भव्य तैयारी पूरे ग्रामवासियो ने आपस में मिलकर की है। सभी रामायण मंडलियो का परसदा के पावन भूमि में सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में पंचायत के सरपंच रमेश वर्मा,उपसरपंच तारणी साहू, सचिव रामचंद तारक, पंच मालती ध्रुव,आशाराम साहू, खूबी तारक, कृष्ण कुमार महिलांग,कल्पना वर्मा, लुकेशलता साहू, प्रेमलाल खुटियारे, रजनी महिलांग, भुनेश्वरी खिलवारे, मनीलाल साहू, कुसुम साहू, भारती तारक, इंद्राणी साहू, राजेश साहू, तेजराम साहू, तथा गांव के सम्मानितजन टिकेश्वर यादव,संतराम बारले,गोपाल साहू, रामनारायण लहरी, घनश्याम यादव, हरिश्चंद्र साहू,मोहन साहू, भूषण वर्मा, जगदीश साहू, कृष्णा वर्मा, हेमंत साहू, गजेंद्र वर्मा, कै लाश साहू, गिरिराज वर्मा तथा समूचे ग्रामवासी दिलोजान से सफल बनाने के लिए लगे हुए है।

## बोर्ड परीक्षा की आब्जर्वर नियुक्त हुईं प्राचार्य दानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय की प्राचार्य दानी मैम को स्थानीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में चल रहे 5वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य का आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। दानी मैम मंगलवार को परीक्षा केंद्र में मूल्यांकन का निरीक्षण किया। बताया कि मूल्यांकन कार्य में अंचल के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। मूल्यांकन कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रहा है जिसे उन्होंने संतोषप्रद बताया। मालूम हो कि अभनपुर ब्लाक में 5 मूल्यांकन केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें एक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला नवापारा भी है।



## आत्मानंद स्कूल में प्रवेश शुरू,10 अप्रेल से 5 मई तक किया जा सकता है आवेदन

**राजिम।** संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में प्रवेश हेतु नोटिफिकेशन जारी करते ही गरियाबंद जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल आईएएस के आदेश पर जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद आनंद सारस्वत ने भी जिले के सभी स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दे दिया है।

इसी के साथ ही स्थानीय शासकीय राम बिशाल पांडेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम में प्रवेश हेतु आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू होगी। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय प्रवेश प्रक्रिया की सिलसिलेवार कार्यक्रम की तिथि जारी कर दी है। 10 अप्रैल से 5 मई तक प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सीटों का आम्बटन दिनांक 6 मई से 10 मई के बीच होगा तथा प्रवेश हेतु चयनित बच्चों की 15 मई तक प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जानी है। प्राचार्य संजय एक्का ने जानकारी दिया है कि डीपीआई द्वारा जारी नियम के अनुसार अंग्रेजी माध्यम की कक्षा पहली में प्रवेश लेने के लिए बच्चों की आयु 31 मई 2025 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए। कुल 50 सीटों के विरुद्ध अत्यधिक आवेदन आने पर लॉटरी के माध्यम से प्रवेश हेतु चयन कर सीटों का आबंटन किया जाएगा।




# पटेल समाज के पदाधिकारियों ने ली समारोहपूर्वक ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

मरार पटेल समाज अभनपुर राज के चुनाव के पश्चात 8 अप्रैल को ग्राम सातपारा के पटेल सामाजिक भवन मे शपथ ग्रहण समारोह संपन्न। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका जितेंद्र बंजारे,विशिष्ट अतिथि प्रदेशाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती रानी पटेल,जनपद सदस्य श्रीमती मेनका संजय पटेल, पूर्व प्रदेश संरक्षक टी आर पटेल, पूर्व सलाहकार एन के पटेल,अध्यक्ष जामगांव राज कपिल देव पटेल,बारना राज अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, पूर्व अध्यक्ष किशन पटेल शामिल रहे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष एवं उपस्थित सभी अतिथियों ने नवनिर्वाचित एवं मनोनीत सभी पदाधिकारी को समाज में निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। जनपद अध्यक्ष चंद्रिका जितेन्द्र बंजारे ने सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए विभिन्न आयोजनों के लिए समाज



के मांग पर शेड निर्माण हेतु 5 लाख रूपये की घोषणा करते कहा कि कि आगे भी समाज की जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे । अभनपुर राज के निर्वाचित अध्यक्ष ईश्वर पटेल ने कहा कि किसी भी संगठन में कार्य करने के लिए टीम की आवश्यकता होती है और एक बेहतर टीम ही उसे संगठन को मजबूत बन सकती है इस आधार पर प्रत्येक गांव के ग्राम प्रमुख की अनुशंसा से पदाधिकारी नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की गई है । कार्यक्रम मे संरक्षक महादेव पटेल ,टेकराम पटेल , देमन पटेल , मिलन पटेल , कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल , सचिव अवध पटेल, सह सचिव ईश्वर पटेल , कोषाध्यक्ष मधुसूदन पटेल ,उपकोषाध्यक्ष अध्यक्ष तोरण पटेल ,उपाध्यक्ष नेतराम पटेल ,डॉक्टर कोमल पटेल ,महामंत्री भारत पटेल ,व्यास नारायण पटेल ,संजय पटेल ,माधव राम पटेल , प्रमुख सलाहकार केजू राम पटेल ,संतोष पटेल , बुधारू पटेल ,सलाहकार सोमनाथ पटेल ,सुखेंद्र पटेल , तातुराम पटेल ,राधेश्याम पटेल ,नोहर पटेल ,राजेंद्र पटेल, रघु पटेल, प्रचार सचिव गया पटेल ,योगेंद्र पटेल ,रामाधार पटेल ,अश्वनी पटेल ,बालमुकुंद पटेल ,रामगुलाल पटेल ,सखाराम पटेल ,संगठन मंत्री संतोष पटेल ,गोपाल पटेल ,अशोक पटेल ,जगन्नाथ पटेल ,शरद पटेल ,दुर्गेश पटेल, नंदकुमार पटेल युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष झड़ीराम पटेल , कार्यकारी अध्यक्ष गोपेश पटेल ,दुष्यंत कुमार पटेल , उपाध्यक्ष कमलेश पटेल चंद्रहास पटेल, महामंत्री गीतू पटेल ,महिला प्रकोष्ठ संयोजक श्रीमती रानी पटेल ,सहसंयोजक मेनका पटेल व अन्य लोगो ने विभिन्न पदो के लिए शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर 43 गांव के ग्राम प्रमुख सदस्यगण एवं मातृ शक्तियों की उपस्थिति रही।

**पेज 11 के शेष**

### माता कर्मा के आदर्शों...

ठाकुर ग्राम पटेल लोहझर आसंदी पर विराजमान हुए। सर्वप्रथम सामाजिक महिलाओं- बालिकाओं द्वारा बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण किया गया। पश्चात कृष्ण कर्मा माता की पूजा आरती की गई। मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी के आगमन पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार सामाजिक परंपरा अनुसार किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद चौधरी ने कहा कि भक्त माता कर्मा नारियों के लिए आदर्श है। उनके आदर्शों को अपनाएं भगवान जगन्नाथ उनके हाथों से खिचड़ी खाकर धन्य कर दिए। नारियों के हाथों में समाज को सुधारने की शक्ति होती है। नारी अपनी शक्ति की पहचान करे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भुवनेश्वर साहू ने कहा कि हर समाज का कोई न कोई लक्ष्य होता है। साहू समाज एक प्रेरक समाज है सामूहिक विवाह साहू समाज की देन है। अब समाज विधवा विवाह को प्रोत्साहन तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण एवं धर्मांतरण पर रोक के लक्ष्य को साहू समाज एवं अन्य समाज में समाहित करने की बात कह रही है। मिलेश्वरी साहू ने कहा कि महिलाओं को समाज में अपना योगदान देना चाहिए समाज को संस्कारित करने में नारियों का योगदान है। अवध राम साहू ने कहा कि साहू समाज एक वृहद अग्रणी एवं सब समाजों को साथ लेकर चलने वाला समाज है। सामाजिक एकता पर बल देना चाहिए। कार्यक्रम को नरोत्तम साहू लेखराज ध्रुवा महेंद्र साहू वीरेंद्र साहू आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका :** आयोजन को सफल बनाने में परिक्षेत्र साहू समाज छुरा के मोतीराम साहू संरक्षक नरोत्तम साहू अध्यक्ष विसौहा राम साहू उपाध्यक्ष रामरतन साहू ऑडिटर खेमलाल साहू कोषाध्यक्ष नंदकुमार साहू सलाहकार देवाराम साहू सचिव बुधराम साहू सह सचिव ओम प्रकाश साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ फलेंद्र साहू अध्यक्ष अंतर जाति एवं धर्मांतरण रोकथाम समिति मिलाप साहू उपाध्यक्ष भरत साहू प्रचार मंत्रीगण चेतन साहू डमरुधर साहू संगठन मंत्रीगण मुरली साहू भीकम साहू टीकाराम साहू मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र साहू तुलसीराम साहू कार्यालय प्रभारी चमन लाल साहू परसराम साहू आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रम का संचालन राधेलाल साहू ने किया।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राधासाहू संरक्षक महिला प्रकोष्ठ अनीता साहू अध्यक्ष राजेश्वरी साहू उपाध्यक्ष देवकी साहू सलाहकार कमला साहू सलाहकार सोनाबाई साहू संगठनमंत्री फूल कुमारी साहू प्रचार मंत्री कंशुराम साहू कार्तिक राम साहू विश्राम साहू कन्हैया साहू खिलावन साहू लालजी साहू प्यारेराम साहू चैनसिंह साहू उधोराम साहू दिनेश साहू जगतराम साहू रामरतन साहू मानिकराम साहू गोवर्धन साहू तरुण साहू टोमन साहू घनश्याम साहू मनहरण साहू धनेश्वरी साहू पार्वती साहू लता साहू भुवनेश्वरी साहू सहित परिक्षेत्र के साहू समाज के बच्चे युवा महिला एवं ग्रामीण जन्म बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विधायक की अनुशंसा पर 50 लाख स्वीकृत



**अभनपुर।** विधायक इन्द्रकुमार साहू की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण से 50 लाख रूपये की स्वीकृति अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतो को विकास कार्यो के लिए मिली है। जिसमे ग्राम पंचायत कुर्रा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य विश्वाकर्मा पारा 10 लाख, पंचायत डोंगीतराई सामुदायिक भवन निर्माण कार्य धोबीपारा 10 लाख, ग्राम रवेली मानस भवन निर्माण कार्य 10 लाख, ग्राम बकतरा सीसी रोड निर्माण कार्य जीवन के घर से नहर पार तक 5 लाख,तामासिवनी सामुदायिक भवन निर्माण कार्य यादव समाज मंदिर के पास 5 लाख,ग्राम जंवईबांधा सीसी रोड निर्माण कार्य जयरानाली सुदर्शन गली एवं डहारू साहू घर तक 5 लाख, खरखराडीह नवागांव(क)शेड निर्माण कार्य प्राथमिक शाला 5 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई,ग्राम पंचायतो को यह राशि मिलने पर सरपंच व ग्रामवासी विधायक के प्रति आभार प्रकट किया है।

### खड़े ट्रक से बाइक टकराई वाहन का चालक घायल



**मैनपुर।** देवभोग- मैनपुर देवभोग मार्ग आईटीआई कॉलेज के सामने एक ट्रक को लापरवाहीपूर्वक सड़क के बीचो-बीच खड़ा कर दिया गया था। बुधवार को देर शाम एक मोटरसाइकिल पीछे से आकर टकरा गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक चालक के लापरवाही के कारण और सड़क मे ट्रक को खड़ा करने के कारण यहां दुर्घटना घटी है। जिसके बाद लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

# विवाह में दूल्हे के सिर का ताज होता है मउर ग्रामीण क्षेत्रों मे आज भी इसकी भारी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ समय के साथ मउर के डिजाईन मे बदलाव हो रहा है : कारीगर

बदलते वक्त के साथ बहुत सी चीजो ने अपना अस्तित्व धीरे धीरे खोया है, लेकिन आज भी कई महत्वपूर्ण चीजों का स्थान नहीं बदला है। जिसमें विवाह मे दुल्हे के सिर का ताज कहे जाने वाले मउर का इस्तेमाल आज भी शादी विवाह मे होता है, इसके बिना यह संस्कार अधुरे हैं। मउर बांस व छिन्द के पत्ते से बनी एक विशेष प्रकार का मुकुट है बदलते समय के साथ इसके डिजाईन मे भी बदलाव आ गया है। लेकिन आज भी शादी विवाह मे इसकी आवश्यकता सबसे ज्यादा है। इन दिनो क्षेत्र मे शादी विवाह की धूम मची हुई है और पारंपरिक मउर बनाने वाले कारीगरों के पास समय भी कम है दिन रात सिर्फ यही काम करते दिखाई दे रहे है।

मैनपुर पटेलपारा निवासी तुलाराम पटेल ने बताया कि वे पिछले लगभग 30 वर्षो से मउर बनाने का कार्य कर रहे है मउर बनाने के लिए बांस, छिन्द पत्ते और रंगीन चमकीले कागज, तामड़ा का उपयोग किया जाता है।

एक जोड़ी मउर का निर्माण करने मे उन्हें 2 दिन लगता है और इसके एवज मे उन्हे सगुन के तौर पर



दो हजार रूपये तक मिल जाते हैं। उन्होंने बताया कई बार तो एक नारियल में भी मउर बनाकर देना पड़ता है, यह उनका पारपंरिक कार्य है और यह कार्य को वे पूरे सेवाभाव के साथ करते है क्योंकि तुलाराम पटेल एक समृध्द कृषक भी है। खेती किसानी के साथ उनके खेती बाड़ी मे सब्जियों का भी उत्पादन वे करते हैं। उन्होने बताया इस साल लगभग 50 जोड़ो की मउर उनके द्वारा तैयार किया जा रहा है और इस मउर को हाथ से बनाया जाता है जिसमें काफी समय लगता है और काफी बारीकी से इस कार्य को करना पड़ता है। यह मउर दुल्हा दुल्हन के साथ देव स्थल व मड़वा हल्दी तेल के लिए भी बनाया जाता है। यह हमारे रिवाज सामाजिक सांस्कृतिक प्रथा का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण ईलाकों मे आज भी मउर का मांग बहुत ज्यादा है शादी विवाह तय होते ही सबसे पहले लोग मउर बनाने के लिए पहुंचते है।

### विश्व शांति, एकता और सौहार्द को बढ़ावा देना है नवकार महामंत्र दिवस का उद्देश्य

# पीएम मोदी ने विश्व शांति के लिए किया महामंत्र पाठ गरियाबंद जैन श्री संघ के सदस्य भी ऑनलाइन जुड़े


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार, 9 अप्रैल 2025 को सुबह 8 बजे नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विश्व शांति महामंत्र का पाठ किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जैन श्री संघ के सदस्यों ने भी ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लिया, जिसने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। यह आयोजन नवकार महामंत्र दिवस के रूप में मनाया गया, जिसका उद्देश्य विश्व शांति, एकता और सौहार्द को बढ़ावा देना था।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, "विश्व शांति आज की सबसे बड़ी जरूरत है। नवकार महामंत्र हमें अहिंसा, करुणा और आत्म-शांति का संदेश देता है, जो न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायक है।" उन्होंने इस पाठ को एक वैश्विक संदेश के रूप में प्रस्तुत किया, जिसमें सभी धर्मों और समुदायों के लोग एकजुट होकर शांति की कामना करें।

#### गरियाबंद जैन श्री संघ की भागीदारी

इस कार्यक्रम में गरियाबंद जैन श्री संघ के सदस्यों ने ऑनलाइन जुड़कर अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज की। संघ के प्रमुख सदस्यों में ललित पारख, पुराण चंद जैन, मनीष पारख, विकास पारख, सौरभ पारख, सुमित पारख, रिंकू जैन, श्रेयांश पारख, सौमिल पारख, शुभ पारख और पार्श्व पारख शामिल थे। इसके अलावा श्रीमती चंचल पारख, लीला बाई पारख, सूरज देवी पारख, मीना जैन, संतोष पारख, आभा पारख, पूजा पारख, पूनम पारख,



मुस्कान पारख, सरिता जैन, मानसी बारड़िया, नित्या पारख, पार्श्व पारख और भूमिजा पारख ने भी इस पवित्र आयोजन में हिस्सा लिया।

सदस्य सुमित पारख ने कहा, "हमारे लिए यह गर्व का क्षण है कि हम पीएम मोदी के साथ इस शांति महामंत्र पाठ का हिस्सा बने। यह आयोजन हमारे समुदाय के लिए एक प्रेरणा है और हम इसे अपने जीवन में आत्मसात करेंगे।"

#### कार्यक्रम का महत्व

यह आयोजन जैन धर्म के नवकार महामंत्र के वैश्विक महत्व को रेखांकित करता है, जो अहिंसा और शांति का प्रतीक माना जाता है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक मूल्य विश्व को एक बेहतर दिशा दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा, "भारत ने हमेशा से विश्व शांति का संदेश दिया है, और यह महामंत्र पाठ उस संदेश को और मजबूत करता है।" कार्यक्रम में तकनीक का उपयोग भी सराहनीय रहा। देशभर से लाखों लोग ऑनलाइन माध्यम से जुड़े, जिसमें गरियाबंद जैन श्री संघ के सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम ने जैन समुदाय के योगदान की प्रशंसा की और कहा कि उनका अहिंसा और सेवा का भाव आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है।



#### सोशल मीडिया पर उत्साह

इस आयोजन की चर्चा सोशल मीडिया पर भी खूब रही। लोगों ने पीएम मोदी के इस कदम को सराहा और इसे विश्व शांति की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया। गरियाबंद जैन श्री संघ के सदस्यों ने भी सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की और इस पल को अपने समुदाय के लिए ऐतिहासिक बताया।

#### समापन संदेश

कार्यक्रम के समापन पर पीएम मोदी ने सभी से अपील की कि वे अपने जीवन में शांति और अहिंसा के मूल्यों को अपनाएं। उन्होंने कहा, "यह महामंत्र सिर्फ एक पाठ नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। इसे अपनाकर हम न केवल अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि दुनिया को भी शांति का संदेश दे सकते हैं।" यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इसने देश और दुनिया में एकता और शांति का संदेश फैलाने में भी अहम भूमिका निभाई। गरियाबंद जैन श्री संघ के सदस्यों की भागीदारी ने इस बात को और बल दिया कि छोटे शहरों से भी बड़े संदेश की शुरुआत हो सकती है।

# सुशासन तिहार का सभी वर्गों के लोग लें लाभ - विधायक



■ पूरे प्रदेश में हो चुका है सुशासन तिहार का आगाज

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार का आगाज किया है। जिसके तहत गोबरा नवापारा नगर पालिका क्षेत्र एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी सुशासन तिहार कार्यक्रम आयोजित है। सुशासन तिहार को लेकर आम लोगों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

विधायक इंद्रकुमार साहू एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने बताया कि नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा क्षेत्र में सुशासन तिहार 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित है। इस दौरान वार्ड स्तर पर समाधान पेटी लगाया गया है। जहां आम जनता अपने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन सीधे जमा कर सकते हैं। विधायक श्री साहू ने बताया कि भाजपा सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन समाज के सभी वर्गो तक तत्परता से पहुंचे इस उद्देश्य से भाजपा सरकार सुशासन तिहार का आगाज किया है। कहा कि लोग अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन सीधे समाधान पेटी में जमा कर सकते हैं नगरीय निकायों के कार्यालय में अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है,ताकि लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी ना हो विधायक श्री साहू ने सभी आम जनता से अपील की है कि इस आयोजन में अधिक से अधिक शामिल होकर सरकार के प्रभावी योजनाओं का जरूर लाभ लेवे।पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू एवं उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने बताया सुशासन तिहर 2025 के तहत सभी प्राप्त आवेदनों की सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौपा जाएगा, बताया गया है कि प्राप्त आवेदनों पर एक माह के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित किया भी किया जाएगा।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जन–जागरूकता कार्यक्रम



**फिंगेश्वर।** फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भूगोल विभाग के तत्वाधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती श्वेता मिश्रा ने अपने उद्बोधन में छात्र–छात्रओं को अच्छे स्वास्थ्य हेतु संतुलित पोषक–आहार की महत्ता पर प्रकाष डाला।
कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. मोहन सिंह ने विश्व स्तर पर स्वास्थ्य दिवस मनाने के कारणों पर विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात अधिकतर अफ्रीकन एवं एशियाई देशों में स्वास्थ्य एक गंभीर समस्या बन चुकी थी, जिस पर वैश्विक स्तर पर जागरूकता की नितांत आवश्यकता थी,अतः विश्व स्वास्थ्य संगठन में वर्ष 1948 से यह दिवस मनाना प्रारंभ किया। महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ संयोजक प्रो. कमलेष्वर प्रसाद निषाद ने इस वर्ष हेतु निर्धारित थीम हैप्पी बिगनिंग होप फूल फयूचर के संबंध में कहा कि अच्छे सेंहत के लिए हमें एक नियमित दिनचर्या बनानी होगी तथा अपने खान–पान को मर्यादित करना होगा।भूगोल विभाग के अध्यक्ष श्रीमती ममता देवांगन ने छात्र–छात्रओं को संबोधित करते हुए कहा कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु हमें अपने शारीरिक व्यायाम तथा अच्छे साहित्यों का अध्ययन करना चाहिए।डॉ. भुले"वरी साहू ने अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वास्थ्य संबंधी समस्या का हल केवल अस्पतालों में मिल सकता है न कि रूढ़िवादी झाड़–फूंक के क्रियाकलापों में।

# सेंदर में संगीतमय श्रीरामचरितमानसगान सम्मेलन कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

■ 14 तारीख तक ख्यातिलब्ध मंडली होंगी मंचस्थ, भोजन भंडारा की भी होगी व्यवस्था

सेंदर में रामायण ज्ञान समीति के संयोजन में ग्रामवासियों की तत्वावधान में 10 से 14 अप्रेल तक संगीतमय श्रीरामचरितमानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। बताया गया कि जिला के सबसे बड़े मानस मंच है जिसमें ख्यातिलब्ध मानस मंडली की संगीतमय प्रस्तुति होगी, वहीं रामकथा का गुणगान व्याख्याकार से सुनने का अवसर प्रदान होगें।

कार्यक्रम का मुख्य सुत्रधार पुर्व सरपंच रामाधार साहू, प्रसिद्ध साहित्यकार लेखक मंच संचालक व उद्घोषक सुरेश शर्मा, अध्यक्ष डा. महेश कुंजाम, उपाध्यक्ष जनक साहू कोषाध्यक्ष योगेश देवांगन, डा.हेमलाल,सचिव तुलस वर्मा उमेश ध्रव, सरपंच सेंदर गामनि राकेश घृतलहरे, उपसरपंच तुलसी , परमानंद वर्मा ,धनी सेन जो विगत 15 दिनों से कार्यक्रम की सफलता के लिए व्यवस्था तैयारी में जुटे हूये है। कार्यक्रम के संदर्भ में कहा कि 10 मार्च को संध्या वंदन की बेला में संत गुरु गोवर्धन शरण व्यास,भगत गुरु बाबा परेवा वाले गिरिराज के सानिध्य व करकमलों से शुभारंभ देव, नवग्रह दीप प्रज्ज्वलित,कलश एंव रामचरितमानस ग्रंथ की स्थापना के साथ लावण्य निधि बालिका मानस मंडली जमाही छुईहा घटारानी से किया जायेगा। जिसकी शुभारंभ से कार्यक्रम समापन तक जिसकी अखण्ड पठन किया जायेगा। वहीं समापन हवन शांति पाठ के साथ होगा। आगे कहा कि 10 से 13 मार्च तक 24 मानस मंडली संचस्थ होगें। वहीं 14 मार्च को फाग गीत का आयोजन है जिसमें 4 प्रसिद्ध मंडली की प्रस्तुति होगी।

आयोजन में आयोजकों द्वारा दोनों पहर आम लोगों के लिए भोजन भंडारा की व्यवस्था है। आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्राम सेंदर के प्रत्येक घर, परिवार, व्यक्तिगत के अतिरिक्त सैकड़ों लोगों ने भरपुर मदत की है।

#### इन मंडलियों की होगी प्रस्तुति

जिसमें गुरूवार को उद्घाटन सत्र लावण्य निधि बालिका मानस मंडली जमाही, शुक्रवार बारूला गरियाबंद, घुटकुनवापारा, मारूटोला खैरागढ़, दरगहन धमतरी, सेम्हरतरा, कुदरूपारा बालोद, मुनगासेर झलप, संगदेही भखारा, शनिवार सेंदर, आलेखुंटा, रक्से कवर्धा, धमनी राजिम, टाहकापार बस्तर, मगरलोड, बहूरनबेडी राजनांदगांव, मोगरापाली उडिसा, रविवार राजिम, लामिडिही बागबाहरा, गुढहारी रायपुर, भलेसर, सोरिद फिंगेंश्वर, कोटेरा राजनांदगांव, गमरी कोंडागांव, झलक, सोमवार फाग गीत खट्टी पाण्डुका, कुरूद धमतरी, छिपली मगरलोड, बकली धमतरी प्रस्तुति में शामिल हैं।

### केसरियामय हुए शहर में अत्यंत उत्साह का माहौल

# श्री हनुमान प्राकट्य उत्सव को लेकर नवापारा में भव्य तैयारी

**नवापारा-राजिम।** 12 अप्रैल को श्री हनुमान जी महाराज के प्राकट्य उत्सव को लेकर समूचे नवापारा शहर में भव्य तैयारी चल रही है। पूरा शहर केसरियामय हो गया है। शहर के सभी हनुमान जी के मंदिरो में साफ-सफाई, रंगरोगन,तोरण पताका और लाइटिंग से सजावट की जा रही है। हनुमान जी महाराज के प्राकट्य उत्सव को लेकर इस बार पूरे शहर में अत्यंत उत्साह का माहौल है।



श्रीराधाकृष्ण मंदिर,मैडम चौक, शर्मा भोजनालय ,इंदिरा मार्केट से लेकर शहर के हर मंदिरो में पूजा-पाठ रामायण,हनुमान चालीसा और सुंदरकाण्ड पाठ होगा। हर जगह प्रसाद वितरण किया जाएगा। लाउडस्पीकर से हनुमान जी महाराज के भजन और मधुर वंदन होगा। श्रीराधाकृष्ण मंदिर में सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति एवं श्रीराधाकृष्ण मंदिर ट्रस्टी की ओर से बड़ा कार्यक्रम होगा। समिति के संस्थापक राजू काबरा,अध्यक्ष धरम साहू, तारणी शर्मा ने बताया कि श्रीराधाकृष्ण मंदिर को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। गुब्बारे, फूलों की लड़ी,झालर लाइट आदि से सुसज्जित किया जा रहा है। इस वर्ष का मुख्य आकर्षण रुद्राक्ष से सजे हुए हनुमान जी महाराज होंगे। श्रृंगार मंदिर के पुजारी रविशंकर गौतम करेंगे। बताया कि प्रातः 8 बजे ,गंगाजल,पंचामृत से स्नान के बाद केशर तिलक,नए वस्त्र ,ध्वजा धारण कराया जावेगा। भोग लगाने के पश्चात सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा ,भजनों का संगीतमय आयोजन होगा। साथ ही वृंदावन कुंज में सालासर बालाजी का बहुत सुंदर दरबार लगाया जावेगा। दोपहर 12 बजे से भोजन प्रसादी प्रारम्भ होगी।

# राजस्व पखवाड़े में होगा समस्याओं के समाधान, तीन चरणों में पूरा होगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान तीन चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण में अप्रैल माह के 07 तारीख से प्रारंभ होकर 21 अप्रैल तक आयोजित होगा।

कलेक्टर गरियाबंद के निर्देश पर इस विशेष अभियान के दौरान भूमि संबंधी विवाद, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, ऋण पुस्तिका जारी करने, भू-अधिकार पत्र, जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व मामलों का समाधान किया जा रहा है। राजस्व पखवाड़ा के दौरान ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करने के लिए राजस्व अधिकारियों की टीमें गांवों का दौरा कर रही है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी लंबित समस्याओं का निराकरण करवाएं।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में 07 से 21 अप्रैल तक गरियाबंद तहसील के विभिन्न हल्का ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। 11 अप्रैल कस एवं बिन्द्रानवागढ़ में शिविर लगाया जायेगा। जहां हरदी, घुटकुनवापारा, बिन्द्रानवागढ़ व मरदाकला हल्का के आश्रित ग्राम के लोग शिविर में शामिल हो सकते है। इसी प्रकार 15 अप्रैल को मजरकटा, 16 अप्रैल को नागाबुड़ा, 17 अप्रैल को मदनपुर और 21 अप्रैल को पीपरछेड़ीकला व धवलपुरडीह के ग्राम पंचायत भवन में राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा। छुरा तहसील में 10 अप्रैल को ग्राम पंचायत मुड़ागांव, पोंड, 11 अप्रैल को पाटसिवनी, पाण्डुका, 12 अप्रैल को परसदाखुर्द, कुरूद, 14 अप्रैल को दादरगांव, फुलझर, 15 अप्रैल को चरौदा, कुकदा, 16 अप्रैल को मोंगरा, तौरेंगा, 17 अप्रैल को सारागांव, सरकड़ा, 18 अप्रैल को छुरा, रजनकट्टा, 19 अप्रैल को खरखरा, मुरमुरा और 21 अप्रैल को सेम्हरा, सांकरा में आयोजित किया जायेगा। राजिम तहसील में 10 अप्रैल को ग्राम पंचायत भवन हथखोज, 11 अप्रैल को खपरी, 12 अप्रैल को परसदा, 14 अप्रैल को रक्शा को शिविर आयोजित किया जायेगा। फिंगेश्वर तहसील में 11 अप्रैल को रोबा, 15 अप्रैल को सोनासिल्ली, 16 अप्रैल को पोलकर्रा, 17 अप्रैल को जामगांव, 21 अप्रैल को कोसमखूंटा के ग्राम पंचायत भवन में राजस्व शिविर आयोजित किया जायेगा। तहसील मैनपुर में 11 अप्रैल को हरदीभाठा, 15 अप्रैल को मैनपुरकला, 16 अप्रैल को भाठीगढ़, 17 अप्रैल को तौरेंगा, 21 अप्रैल को नहनबिरी में राजस्व शिविर आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार अमलीपदर तहसील में 11 अप्रैल को मटिया, अमलीपदर, 14 अप्रैल को काण्डेकेला, फरसरा, 15 अप्रैल को खरीपथरा व गोलामाल, 16 अप्रैल को सगड़ा व भैंसमुंडी, 17 अप्रैल को धोबनमाल और 21 अप्रैल को सिहारलटी और मुड़ागांव में राजस्व शिविर आयोजित होगा और तहसील देवभोग में 11 अप्रैल को बाड़ीगांव, 15 अप्रैल को मुड़ागांव, 16 अप्रैल को घोघर, 17 अप्रैल को गोहरापदर, 21 अप्रैल को खुटगांव में राजस्व शिविर आयोजित होगा।

# पंचायत सचिवों ने मानसगान करते हुए की शासकीयकरण की मांग

**फिंगेश्वर।** पंचायत सचिवों की अनिश्चित कालीन हड़ताल 24 वे दिन भी जारी रहा जिसमे पंचायत सचिव अपनी मांग को लेकर हर रोज अलग तरीको से अपनी मांग को शासन से मनवाने हेतु जोर लगाया जा रहा है, हड़ताल के 24 वे दिन धरना स्थल फिंगेश्वर मे रामायण मानसगान कार्यक्रम का आयोजन कर प्रभु श्रीरामचंद्र जी से विनती कर पंचायत सचिवों की एक ही मांग शासकीयकरण को पूर्ण करने हेतु



आराधना की गई एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी को मांग पूरा करने हेतु सद्बुद्धि प्रदान करने हेतु पूजा अर्चना किया गया। इसी तरह प्रति दिन अलग तौर तरीके से सरकार मांग को मनवाने का प्रयास किया जा रहा है और जब तक शासकीयकरण का सौगात नहीं मिलता है तब तक अनवरत रूप जारी रहेगा। मानसगान में कथा वाचक सचिव हुकूमत साहू, हारमोनिम वादक गोवर्धन सेन, तबला वादक ओमप्रकाश सिन्हा सहित जिला उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, जिला सचिव हेमकुमार पटेल, सचिव झम्मन पटेल, सहसचिव चंद्रकांत साहू, मिडिया प्रभारी ओमप्रकाश सिन्हा, सोना राम वर्मा, चंद्रकांत तिवारी, तुलस साहू, हुकूमत साहू, यशवंत साहू, भैया राम साहू, चेमन साहू, चेतन साहू, भैया राम साहू, चिंता राम सिन्हा, सहित समस्त सचिव उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# राजनीतिक कार्यकर्ताओं को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए दंडित नहीं किया जाएगा- डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और निष्पक्ष शासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विभिन्न जिलों में दर्ज 103 गैर-गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। गृह विभाग द्वारा जिलों से प्राप्त रिपोर्ट और विस्तृत समीक्षा के बाद मंत्रिमंडलीय उपसमिति की अनुशंसा पर यह फैसला लिया गया। न्यायालय से विधिवत स्वीकृति मिलने के पश्चात 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए गए। गरियाबंद जिले के 6 प्रकरण को वापस लिया गया है।

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की सरकार सुशासन की सरकार है। हमारी सरकार में किसी भी निर्दोष के साथ गलत नही होने दिया जाएगा। लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में कई ऐसे राजनीतिक प्रकरण दर्ज किए गए थे, जो केवल लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रयोग का हिस्सा थे। हमारी सरकार की नीति हमेशा यही रही है कि राजनीतिक कारणों से किसी भी निर्दोष व्यक्ति को झूठे मुकदमों में न फंसाया जाए। इसलिए हमारी सरकार ने निष्पक्षता के साथ इन मामलों की समीक्षा कर ऐसे सभी गैर-गंभीर मामलों को वापस लेने का निर्णय लिया है।

**खास बातें**

- लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय
- गरियाबंद जिले के 6 प्रकरणों को लिया गया वापस
- मंत्री परिषद की बैठक में अब तक कुल 103 प्रकरण लिए गए वापस
- राज्य के 16 जिलों के 41 प्रकरण न्यायालय द्वारा हुए वापस



### राजनीतिक प्रकरणों की वापसी एक विस्तृत और कानूनी प्रक्रिया

सबसे पहले राज्य शासन द्वारा सभी जिलों में दर्ज राजनीतिक प्रकरणों की समीक्षा की जाती है। गृह विभाग द्वारा संबंधित जिलों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर यह तय किया जाता है कि कौन-से मामले गंभीर प्रकृति के नहीं हैं और जिनमें हिंसक घटनाएं शामिल नहीं हैं। इसके बाद मंत्रिमंडलीय उपसमिति की अनुशंसा उपरांत, प्रकरण को मंत्रिपरिषद में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाता है। अनुमोदन प्राप्त होने के बाद न्यायालय में प्रकरण वापसी का आवेदन प्रस्तुत किया जाता है। न्यायालय द्वारा इस मामले की विधिवत समीक्षा के उपरांत अभियुक्तों को राहत प्रदान करने की अनुमति दी जाती है। न्यायालय की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से अभियुक्तों के नाम हटा दिए जाते हैं और उन्हें विधिवत मुक्ति प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है। शासन स्तर पर इस निर्णय को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है, ताकि आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का सम्मान हो और राजनीतिक गतिविधियों के कारण उत्पन्न कानूनी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर में चयनित चेतन को मिली शुभकामनाएं



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम कसेकेरा निवासी चेतन कुमार ध्रुव का अग्निवीर में चयनित होने पर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर के नेतृत्व में बुधवार को गरियाबंद के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्राकर ने बुके भेंटकर उज्ज्वल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नवनिर्वाचित गरियाबंद जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाड़िक, पुनितराम ठाकुर, ठकेश्वर चन्द्राकर उपस्थित थे।

### गिरोला में तीन दिनी मानस गान आज से

**अभनपुर।** अभनपुर क्षेत्र के ग्राम गिरोला मे 10 अप्रैल से त्रि-दिवसीय रामचरितमानसगान का आयोजन का सम्मेलन संपन्न हो रहा है,इस प्रतियोगिता मे क्षेत्र की 21 मानस मंडली भाग ले रही है प्रतिदिन सात मानस मंडलियां प्रस्तुति देगे,उक्त कार्यक्रम जय मां दुर्गा मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से आयोजित हो रहा है,कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे विधाये इन्द्रकुमार साहू,पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू,जिपं.सदस्य चन्द्रकला धुरव,जप सदस्य धनेश्वरी डांडे,सरपंच नंदूदास बघेल,उपसरपंच प्रमोद मंडल आदि लोग शामिल होगे।

### तर्रा की केनिका का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**कोपरा।** ग्राम तर्रा निवासी प्रकाश साहू की पुत्री केनिका साहू ने



शासकीय प्राथमिक शाला मुंगझर में अध्ययनरत रहते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्राम तर्रा में खुशी की लहर है। ग्रामवासियों, परिजनों और जनप्रतिनिधियों ने केनिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि इससे पहले उनकी बड़ी बहन का भी नवोदय में चयन हो चुका है।

### प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता विभिन्न कार्यों के निरीक्षण में पहुंचे श्यामनगर, पाण्डुका एवं पोंड

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्रतानुसार हितग्राहियों को किया जायेगा लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रदेश के साथ-साथ गरियाबंद जिले में भी सुशासन तिहार 2025 का आगाज 8 अप्रैल से किया जा रहा है। जिसमें नागरिकों द्वारा अपनी मांग एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन देने का सिलसिला जारी है। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के लोग शिविर में निःसंकोच आवेदन कर रहे है।

- श्री गुप्ता ने ग्रामीणों से चर्चा कर मांग, समस्या एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन समाधान पेटी में डालने की अपील की

इसी तारतम्य में जिले के प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता ने फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत श्यामनगर में चल रहे सुशासन तिहार में प्राप्त हो रहे आवेदनों का अवलोकन कर बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने आवेदकों से चर्चा करते हुए कहा कि सुशासन तिहार में आवेदक अपनी मांग, समस्या एवं शिकायतों से संबंधी आवेदन समाधान पेटी में डाले और आवेदन की पावती भी अनिवार्य रूप से प्राप्त करे। ताकि उसे अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सुशासन तिहार के दूसरे चरण में लगभग 1 माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आवेदकों को पात्रता अनुसार लाभान्वित किया जायेगा। प्रभारी सचिव श्री गुप्ता ने श्यामनगर की सरपंच से चर्चा कर उनके गांव के समस्याओं तथा मनरेगा के तहत चल रहे कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों के मांग के अनुरूप नियमानुसार गांव में नरेगा के तहत कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिये। जिससे कि ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हो सके। इसके अलावा उन्होंने बिहान समूह की महिलाओं से चर्चा करते हुए उनके द्वारा किये जा रहे गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान बिहान समूह की महिलाओं ने बताया कि गेंदा फूल की खेती करते थे। श्री गुप्ता ने उन्हें अच्छे से प्रशिक्षित करने के निर्देश दिये, ताकि उन्हें स्वरोजगार एवं उनकी आर्थिक उन्नती हो सके। इसके अलावा बिहान समूह की महिलाओं को ड्रोन दीदी के रूप में भी प्रशिक्षित करने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विभिन्न समूहों को दिये गये ऋण एवं प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुए पंजियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर संस्थागत प्रसव की जानकारी ली।



### लाईव फिस वेंडिंग सेंटर का हुआ निरीक्षण

प्रभारी सचिव श्री गुप्ता ने छुरा विकासखण्ड के पाण्डुका स्थित लाईव फिस वेंडिंग सेंटर का अवलोकन किया। जिसमें प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के तहत श्री महेन्द्र साहू मछली पालन कर रहे है। उन्होंने इस कार्य के लिए स्वसहायता समूह की महिलाओं को भी जोड़ने के निर्देश दिये। जिससे उन्हें रोजगार मिल सके। इसके अलावा ग्राम पोंड के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 6 पहुंचकर बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में मिलने वाली सुविधाओं जैसे मेन्यू के अनुसार भोजन, पौष्टीक आहार, स्वास्थ्य जांच और छोटे बच्चों के सार्वांगिन विकास के लिए विभिन्न गतिविधयों की जानकारी ली।



## जिपं में हुआ स्थाई समितियों का गठन



**गरियाबंद।** जिला पंचायत गरियाबंद में स्थाई समितियों का गठन आज विधिवत रूप से किया गया। पीठासीन अधिकारी अरविंद पांडेय के नेतृत्व में संपन्न इस बैठक में विभिन्न समितियों के सभापतियों की घोषणा की गई। जिला पंचायत के प्रभारी उपसंचालक कुमार नागेश ने जानकारी दी कि सामान्य प्रशासन समिति के पदेन सभापति जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप होंगे। वहीं, शिक्षा समिति की कमान उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर को सौंपी गई है। अन्य समितियों में कृषि समिति के सभापति लेखराज ध्रुव, संचार संकर्म समिति के देशबन्धु नायक, सहकारिता एवं उद्योग समिति की नंदिनी कोमल ढीढी, वन समिति की शिवांगी चतुर्वेदी और महिला एवं बाल विकास विभाग समिति की जिम्मेदारी नंदिनी ओंकार साहू को सौंपी गई है। स्थाई समिति गठन के साथ ही पंचायत की कार्यप्रणाली को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

- विभिन्न समितियों के चुने गए सभापति

## जपं में चुने गए विभिन्न समितियों के सभापति



**छुरा।** जनपद पंचायत में विभिन्न समितियों के सभापति का चुनाव संपन्न हुआ, इसमें सदस्य भी चुने गए, कृषि सभापति उत्तरा पटेल सदस्य नारायण सिंहा, महेंद्र ध्रुव ,संतोषी ध्रुव, मुंगेश्वरी ठाकुर ,शिक्षा समिति सभापति कुलेश्वर सोनवानी, सदस्य सुखबती टांडे,कंचन देवांगन, नारायण सिंहा, महेंद्र ध्रुव ,संचार तथा सकर्म समिति सभापति कंचन देवांगन, सदस्य नारायण सिंहा, मिलनतिन कुंजाम, सुखराम ठाकुर ,पंकज निर्मलकर, सहकारिता एवं उद्योग सभापति सुखराम ठाकुर सदस्य रुक्मणी ध्रुव, युवराज साहू, मिलनतींन कुंजाम, पंकज निर्मलकर ,वन समिति सभापति युवराज साहू सदस्य अवध राम साहू ,मिलनतिन कुंजाम, संतोषी ध्रुव ,लक्षण नेताम ,महिला एवं बाल विकास समिति सभापति सुखबती टांडे सदस्य अवध राम साहू ,मिलनतिन कुंजाम, संतोषी ध्रुव, लक्षण नेताम,स्वच्छता एवं पेयजल सभापति रुक्मणी ध्रुव सदस्य युवराज साहू, विमल नागेश , सुखबती टांडे ,उत्तरा पटेल हैं ।

# मानस पाठ से राममय हुआ गनियारी, विधायक रोहित साहू ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

गनियारी ग्राम में 8 से 11 तक रामचरितमानस संगीत मय मानस गान का शुभारंभ हुआ है। मंगलवार को बाजा भजन के साथ मंगल कलश यात्रा निकाली गई। शुभारंभ पिपरहट्ठा मानस गान प्रस्तुत किया गया। मंच संचालक श्री डोमार साहू कुरुद पाण्डुका है।

- रामायण मनुष्य जीवन के लिए एक अमूल्य मार्गदर्शक है: रोहित साहू

इस मौके पर ग्राम गनियारी में तीन द्विवसीय मानस कार्यक्रम की दूसरे दिन राजिम विधायक रोहित साहू संध्या आरती वंदन के अवसर पर शामिल हूये। फिर व्याख्याकार के द्वारा सुनाये गये रामकथा सुने। इससे पहले आयोजन कर्ता एंव ग्रामवासियों द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। मानस मंच से श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रामायण मनुष्य जीवन के लिए एक अमूल्य मार्गदर्शक है। यह हमें सदाचार, कर्म, कर्तव्य, मर्यादा, भक्ति, विश्वास, सत्य और न्याय जैसे मूल्यों का पालन करने की प्रेरणा देती है। रामायण के आदर्श चरित्र और शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और हमें एक बेहतर जीवन जीने में सहायता करती हैं।



बुधवार को बागबहरा, कंहारपुरी (बालोद), रंजीतपुर (कवर्धा), धमनी (बलौदाबाजार), कोलयारी (धमतरी), जीवतरा (महासमुंद), परतेवा (राजिम), कुंदरूपारा बालोद, गुरुवार कपसीडीह (राजिम), दरगहन (धमतरी), भाखरा (धमतरी), मडेली (छुना), बावनलासा (बेमेतरा), गमरी (कोण्डागांव), हरदीभाता (मैनपुर), मारूटोला (सौरागढ़) शुक्रवार टोहकापारा (बस्तर), मोंगरापाली ,मगरलोड (धमतरी), बहुरनभेन्टी (अंबागढ चौकी), सोसिद सुखुर्द (स्मई पात कंहारपुरी , अमोदी, मानस मंडली की प्रस्तुति होगी।

# पाटसिवनी मे धूमधाम से किया गया जंवारा विसर्जन



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** चैत्र नवरात्र के नौवें दिन एवं रामनवमी के पावन पर्व पर 6 अप्रैल को पाटसिवनी के साहु एवं ध्रुव परिवार में विराजित जोत जवारा का पूजा पाठ के बाद विर्सजन किया गया। सेवा जसगीत की धुन पर नाचते-गाते मांदर की थाप पर झूमते भक्तों ने श्रद्घा के साथ जोत जवारा का विसर्जन किया। जोत जवारा विसर्जन में सड़कों पर भक्ति उल्लास छाया रहा।महिलाएं सिर पर कलश धारण माता की भक्ति में लीन दिखी। गांव के तालाब में पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में गांव के श्रद्धालु मौजूद थे।



# मड़ेली में हुआ जात्रा कार्यक्रम का आयोजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम मड़ेली में नेताम ध्रुवा देवमाटी श्री बड़ादेव देव जात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसका शुभारंभ सोमवार के दिन माटी पूजा के साथ हुआ और दूसरा दिन ध्वजारोहण एवं पूजा अर्चना छत्तर भोज कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। इस बीच गरियाबंद जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम देव जात्रा कार्यक्रम में शामिल होकर पुजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

- आदिवासियों की सदियों पुरानी परंपरा है जात्रा : पूर्व विधायक शाह

इस दौरान बिन्द्रानवागढ़ के पूर्व विधायक ओंकार शाह ने कहा आदिवासियों की सदियों पुरानी परंपरा है जात्रा। संजय नेताम ने अपने संबोधन में कहा की हामरे पुरखो के द्वारा बनाए गए रीति नीति एवं समाज के उत्थान के लिए यह प्रथा एक पीढ़ी बीतने के बाद दूसरे पीढ़ी में जात्रा का आयोजन होता है और इस जात्रा में बेटी बहिनी सगा समाज सबको आमंत्रित कर एकत्रित हो होते है एक दूसरे से मेल मिलप करते है। समाज के पूर्वजो को याद करते हुए समाज के लोगों को शिक्षा में विशेष ध्यान देने और नशा पान से दूर रहने को कहा इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बिन्द्रानवागढ़ के पूर्व विधायक ओंकार शाह, गरियाबंद जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, गूंजेश कपिल, पुनितराम ठाकुर, वीरेंद्र, राहुल पुजारी, तुलेश्वर नेताम, छतरिया खेमराज नेताम, दिनबंधु नेताम, सिरहा सुनित नेताम, अक्ततुराम, परिघनिया रैनसिंग नेताम, संरक्षक अमृत ध्रुवा, देवलाल ध्रुवा, संतराम ध्रुवा, सलाहकार पुरुषोत्तम ध्रुवा, दौलत ध्रुवा, अध्यक्ष हेमनारायण ध्रुव, उपाध्यक्ष बलीराम ठाकुर, कोषाध्यक्ष उखराज ध्रुवा, सचिव लोचन नेताम, सहसचिव सुरेश नेताम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।



### माता रमई पाठ धाम का रामायण व महाभारत में भी मिलता है जिक्र

# माता रमई पाठ धाम में जात्रा का भव्य आयोजन 12 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

माता रमई पाठ धाम में 12 अप्रैल दिन शनिवार को चैत्र पुर्णिमा पर भव्य मेला जात्रा का आयोजन होगा, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु व भक्तजन पहुंचेंगे। माता रमई पाठ धाम में सालों से फिंगेश्वर के राजपरिवार के द्वारा आयोजित जात्रा में हजारों बकरों की बलि दी जाती है। यह रमई पाठ धाम छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर घाट खाल्हे में बसे ग्राम सोरिद खुर्द में 8वीं शताब्दी से हैं। जहां नित्य ही जल की अविरल धारा बह रही है।

- माता की कृपा से दिन दुखियों की सारी मनोकामना होती है पुरी

सालों से चैत्र पुर्णिमा पर जात्रा लगते आ रहें हैं और राजा महाराजाओं द्वारा मनोकामना पूर्ण होने पर बली प्रथा से प्रारंभ की गई। जो अब तक चलते आ रहा है। इस निर्जन पहाड़ी प्राकृतिक झरना मनोरम दृश्य शीतल जल, अदृश्य दिव्य स्वरुपी रमई पाठ धाम में माता की कृपा से दिन दुखियों की सारी मनोकामना पुरी होती है। यहां माता रमई पाठ की मान्यता है कि रमई माता निःसंतान दम्पतियों की झोली भरती है। छत्तीसगढ़ में ऐसे बहुत से ऐतिहासिक व प्राचीन स्थल हैं, जिनका वर्णन रामायण व महाभारत ग्रन्थ में मिलता है। उन्हीं में से एक स्थल छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के सोरिदखुर्द ग्राम में स्थित रमई पाठ है। जहां पर भक्तों की हर मनोकामना माता पूरी कर देती हैं। निःसंतान दम्पतियों की झोली भी भरती देखी गई है। सोरिदखुर्द में स्थित रमई पाठ धाम है कभी बियाबान रहा रमई पाठ अब धीरे- धीरे धार्मिक पर्यटन स्थल में परिवर्तित हो रहा है।



पूरी पहाड़ी में भले ही कहीं पानी न निकले, लेकिन इस पेड़ की जड़ से हमेशा स्वच्छ, मीठा और निर्मल जल की धारा बहती है। यह धार नीचे कुछ दूर जाकर विलुप्त हो जाती है। बताया जाता है कि मंदिर परिसर में आम का सदियों पुराना पेड़ इस स्थल की चमत्कारिक शक्ति को प्रमाणित करता है। मंदिर में मौजूद हजारों सांकल इस बात प्रमाण भी है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां पर नवरात्रि में माता को प्रसन्न करने के लिए भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति जलाई जाती रही है। मान्यता है कि इस मंदिर में माता अपने भक्तों की पूरी मनोकामना पूरी करती हैं। निःसंतान दम्पतियों की झोली में भी भरती देखी गई है। संतान प्राप्ति के बाद यहां लोग सांकल (लोहे की बनी चैन) चढ़ाते हैं। और इसी परंपरा पर यहां चैत्र पुर्णिमा पर बलि दिया जाता है।

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिंकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई , 15 जुलाई से 25 जुलाई,
27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411